जयपुर कला महोत्सव

चर्चा में क्यों?

18 नवंबर, 2021 को राजस्थान विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट और जयपुर की प्रतिभा एजुकेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कला के विविध रूपों और शैलियों को एक मंच पर साकार करने के लिये जयपुर कला महोत्सव की शुरुआत हुई।

प्रमुख बिंदु

- यह कला महोत्सव जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में 22 नवंबर तक चलेगा। जयपुर कला महोत्सव का यह पाँचवा संस्करण है।
- कला को जीवंत बनाए रखने की दिशा में राजस्थान सहित देश के अनेक प्रांतों के कलाकार यहाँ अपना हुनर दिखाएंगे।
- दृश्यकला की यथार्थवादी, समकालीन और आधुनिक चित्रकला एवं मूर्तिकला के नामी वरिष्ठ और युवा कलाकारों की कला के विभिन्न नमूनों के साथ टेक्सटाईल, फोटोग्राफी, पेपरमैशी, ज्वैलरी, मैटल क्राफ्ट, आर्किटेक्चर, वुड क्राफ्ट और इंस्टालेशन कलाएँ कलाप्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।
- राजस्थान विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग के प्रमुख रजत पंडेल ने बताया कि इस महोत्सव में यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स को भी अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया गया हैं, ताकि यहाँ आने वाले लोग देश के नामी कलाकारों की कृतियों के साथ युवा पीढ़ी की कलात्मक अभिव्यक्ति के हुनर का भी आनंद उठा सकें।
- कला महोत्सव में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें 232 कलाकारों, 8 आर्ट इंस्टीट्यूशंस की कलाकृतियाँ हैं।
- महोत्सव के दौरान चाइल्ड आर्ट कॉम्पटीशन, लाइव पोर्ट्रेट पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग और फेस पेंटिंग कॉम्पटीशन के आयोजन किये जाएंगे।
- परिसर में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है एवं कोरोना के सभी नियमों के पालन के लिये लोगों को पाबंद किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jaipur-arts-festival